देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 16.05.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार युवाओं के उत्थान और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।
- उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा विभाग ने पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और कोल्ड ड्रिंक्स की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा–निर्देश जारी किए।
- प्रदेश में चारधाम, आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा सुचारु रूप से जारी। अब तक 8 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए।
- विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा – सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नहीं लगाता।

सीएम संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार युवाओं के उत्थान और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं, ताकि युवा शक्ति को समुचित मार्गदर्शन और अवसर प्राप्त हो सकें।

देहरादून में 'मुख्य सेवक संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवक और महिला मंगल दल समाज में जागरूकता फैलाने, सांस्कृतिक विरासत को संजोने और सेवा भाव के साथ कार्य करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे राज्य की परंपराओं और मूल्यों को जीवित रखते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने युवक और महिला मंगल दलों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को चार हजार से बढ़ाकर पांच हजार करने, मंगल दलों को आत्मनिर्भर बनाने और ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए नीति बनाने की घोषणा की। साथ ही मंगल दलों को डिजिटल मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान करने और आवश्यक सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराने के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित करने की बात कही।

पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर

उत्तराखंड खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने पूरे राज्य में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और कोल्ड ड्रिंक्स की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि गर्मी के संवेदनशील मौसम में खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि बाजार में बिकने वाले पैकेज्ड वाटर और कोल्ड ड्रिंक्स मानकों के अनुरूप हों। यदि कोई विक्रेता या आपूर्तिकर्ता नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रमाणित और लाइसेंस प्राप्त उत्पादों का ही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें।

साइबर कमाण्डो प्रशिक्षण

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अब साइबर कमांडो की विशेष शाखा स्थापित की जा रही है। इसके लिए पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तराखंड पुलिस के 72 जवानों को 6 महीने का साइबर कमांडो प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने बताया कि चयनित कर्मियों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में गहन व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

रेलगाड़ी

नैनीताल जिले के लालकुआँ और गुजरात के राजकोट के बीच आगामी 18 मई से 29 जून तक विशेष ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा।

यह ट्रेन लालकुआँ से प्रत्येक रविवार को अपराह्न एक बजकर दस मिनट पर प्रस्थान करेगी और अगले दिन अपराह्न छह बजकर दस मिनट पर राजकोट पहुंचेगी। राजकोट से सोमवार को रात्रि साढ़े दस बजे चलकर बुधवार सुबह चार बजकर पांच मिनट पर लालकुआँ रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस रेलगाड़ी में शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित शयनयान श्रेणी के कोचों सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

यात्रा

प्रदेश में चारधाम, आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा सुचारु रूप से जारी है। अब तक 8 लाख श्रद्धालु केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। यात्रा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से स्थानीय व्यापारी और सरकार उत्साहित हैं।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि जीएमवीएन गेस्ट हाउसों के लिए अब तक 12 करोड़ 68 लाख 55 हजार 7 सौ पैंतालीस रुपये से अधिक की बुकिंग हो चुकी है। महाराज ने कहा कि प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों पर भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। महाराज ने कहा कि प्रयागराज से हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून जाने वाली ट्रेनों में भी प्रतीक्षा सूची बढ़ गई है।

राज्य में 14 मई से शुरू हुई आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा के लिए अब तक तीन हजार दो सौ छप्पन इनर लाइन परमिट जारी किए जा चुके हैं।

सिंधु जल संधि

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नही लगाता। डॉक्टर जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इंकार किया है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल द्विपक्षीय आधार पर ही होगी। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान को भारत को सौपे जाने वाले आतंकियों की सूची दे दी गई है। साथ ही उसे आतंकी ढ़ांचों को भी नष्ट करना होगा।

कैंची धाम

कैंची धाम के आसपास राष्ट्रीय राजमार्ग–109 पर वाहनों के अत्यधिक दबाव व जाम को देखते हुए सुगम और सुरक्षित यातायात के लिए कैंची बाईपास मोटर मार्ग का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने वन भूमि हस्तांतरण के लिए सहमति दे दी है। गौरतलब है कि कैंची बाईपास मोटर मार्ग के निर्माण की घोषणा वर्ष 2023 में की गई थी। जिसके तहत 19 किमी लंबे कैंची धाम बाईपास मोटर मार्ग में शिप्रा नदी पर एक पुल का निर्माण भी किया जाना है, जिसके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को 12 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।

मॉक ड्रिल

बागेश्वर में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए कल एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य भूस्खलन और आग जैसी आपदा स्थितियों में प्रशासनिक तैयारियों और प्रतिक्रिया समय की प्रभावशीलता का परीक्षण करना था।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा निर्धारित करने संबंधी आदेश को लेकर राष्ट्रपति द्वारा पूछे गए सवालों की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल, हिन्दुस्तान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हवाले से लिखा– क्या शीर्ष कोर्ट तय कर सकता है विधेयक की समयसीमा।

सरकारी दफ्तरों में बायोमीट्रिक हाजिरी पर अमर उजाला की हैडिंग है– महीने में तीन दिन माफी, चौथी बार होगी कार्रवाई, इसी खबर पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है– माह में तीन दिन देर से दफ्तर आने पर कटेगा अवकाश।